# कार्यालय प्राचार्य, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांक:एफ.1( )स्था–I/एसपीसीजीसीए/2021/911 दिनांक: 05/02/2021

## बैठक – सूक्ष्म

आज दिनांक 02.02.2021 को प्रातः 11:00 बजे DLQAC अजमेर की मासिक बैठक सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर के प्राचार्य की अध्यक्षता में अजमेर सम्भाग की ऑनलाईन (Google Meet) पर प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित महाविद्यालय एवं सदस्य उपस्थित हुए:–

1. डॉ. अनुराधा त्रिपाठी समन्वयक
2. डॉ. संजय जैन सदस्य
3. डॉ. संजीव कुमार वर्मा सदस्य
4. डॉ. शारदा वर्मा/डॉ. अभिनव कमल रैना, राजकीय महाविद्यालय, नसीराबाद।
5. डॉ. अरूणा गुप्ता/डॉ. मोसलपुरी, सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर।
6. डॉ. गीता शर्मा, आर. के. पाटनी राजकीय महाविद्यालय, किशनगढ़।
7. डॉ. चेतना कुमावत, एम.एल.वी. राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा।
8. डॉ. आशा सुंदरम्, राजकीय महाविद्यालय, टोंक।
9. डॉ. हसमुख चारंग/डॉ. प्रकाश नारायण/डॉ. सुरेन्द्र कागत/डॉ. जी. एन. शर्मा, राजकीय महाविद्यालय, नागौर।

आज की मीटिंग में महाविद्यालय के पत्र क्रमांक एफ.1( )स्था/एसपीसीजीसीए/2021/651 दिनांक 30.01.2021 के क्रम में दिए गए एजेंड़ा पर चर्चा की गई एवं निम्न निर्देशों की अतिशीघ्र पालना करने हेतु कहा गया–

1. सर्वप्रथम समन्वयक DLQAC द्वारा इस सत्र की पाँचवी बैठक में सभी सदस्यों व आगंतुकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् IQAC समन्वयक डॉ. अनुराधा त्रिपाठी द्वारा पूर्व आयोजित बैठक 23.12.2020 के सूक्ष्म पढ़कर सुनाए गए।
2. राजकीय महाविद्यालय, किशनगढ़, ब्यावर, नसीराबाद, भीलवाड़ा, भीलवाड़ा, टोंक, नागौर सभी महाविद्यालय यूजीसी के तहत् 2 एफ एवं 12 (बी) में पंजीकृत हैं। केवल पुष्कर, अरांई, मसूदा के महाविद्यालय पंजीकृत नहीं हैं। जिन्हें पंजीकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया।
3. राजकीय महाविद्यालय देवली, टोंक, किशनगढ़, नागौर, भीलवाड़ा, पुष्कर, नसीराबाद सभी महाविद्यालयों में IQAC Cell गठित है। केवल अरांई, मसूदा में गठित नहीं है। गठन की कार्यवाही अतिशीघ्र करने हेतु निर्देशित किया गया।

de

4. राजकीय महाविद्यालय, पुष्कर में IQAC Cell की दो मीटिंग दिनांक 07.07.2020 व 11.09.2020 राजकीय महाविद्यालय, देवली, टोंक में IQAC Cell की एक मीटिंग 06.08.2020 को राजकीय 09.01.2021 को राजकीय महाविद्यालय, नागौर में 5 मीटिंग 22.01.2020, 16.03.2020, 26.10.2020, 22.12.2020, 23.01.2021 को राजकीय महाविद्यालय, नसीराबाद में 08.01.2021 को राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा में 3 मीटिंग सम्पन्न हुई। राजकीय महाविद्यालय, टोंक में नियमित मीटिंग हुई।
5. राजकीय महाविद्यालय, देवली, टोंक द्वारा IQAC Cell के तत्वावधान में ऑनलाईन वेबीनार/एफडीपी, ई–कॉनटेन्ट एवं वीडियों लेक्चर तैयार कर यू–ट्यूब चैनल पर डाले गए।
6. राजकीय महाविद्यालय, किशनगढ़ में आनन्दम् व IQAC के तत्वावधान में फरवरी माह में वेबीनार प्रस्तावित है। CAS के तहत् पदौन्नति हेतु मांगे गए आवेदन पत्रों में API Score अंकन का कार्य है।
7. राजकीय महाविद्यालय, नागौर में दिनांक 08.01.2021 को IQAC एवं रसायन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक राष्ट्रीय वेबीनार का Google Meet पर आयोजन किया गया। सभी संकाय सदस्यों के अकेड़मिक रिकॉर्ड, पब्लिकेशन, अचीवमेन्ट्स को Google Form पर संधारित किया। विद्यार्थियों अभिभावकों एवं संकाय–सदस्यों का Feedback Offline एवं Online दोनों तरीकों से लिया जा रहा है। फरवरी में एक वेबीनार भी कराया जाना प्रस्तावित है। महाविद्यालय में नई कैंटीन का निर्माण भामाशाहों के सहयोग से प्रस्तावित है। दिनांक 11.01.2021 को Quality Management System of Providing Higher Education Service में ISO 9001–2015 प्राप्त किया।
8. राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा ने CAS आवेदन–पत्रों का कार्य पूर्ण किया। दिनांक 29.01.2021 को ज्ञान गंगा प्रोग्राम ईएएफएम के तहत् ऑनलाईन व्याख्यान में IQAC Cell की कार्यशैली व CAS पदौन्नति Scheme के बारे में बताया। Self Appraisal Form संकाय सदस्यों हेतु बनाए गए फीडबेक फार्म विद्यार्थियों के लिए बनाए गए। फरवरी माह में एक वेबिनार का आयोजन प्रस्तावित है, जो कि MMS Writing व प्रूफ रीड़िंग पर होगी, फरवरी माह में ही High Quality Initiative पर एक और वेबिनार का आयोजन प्रस्तावित है। साथ ही साथ आनंदम् कोर्स के तहत् स्नातकोत्तर विद्यार्थी किस प्रकार प्रोजेक्ट तैयार करें इस विषय पर भी एक वेबिनार प्रस्तावित है।

9. राजकीय महाविद्यालय, नसीराबाद में नैक की 3rd Cycle सितम्बर माह में प्रस्तावित है। आईक्यूएसी सेल की मीटिंग 08.02.2021 को आयोजित की गई। यहाँ तीन सेंटर योगा व Recreation सेंटर का उद्घाटन भी जल्दी ही होने जा रहा है। Centre for women empowerment and security development का उद्घाटन 15.01.2021 को हुआ। महाविद्यालय में South Asian Journal Online website contemporary issues & research ISBN No के साथ प्रस्तावित है।

10. राजकीय महाविद्यालय, टोंक में वेबसाइट अपडेशन का कार्य Under process है। महाविद्यालय में Emplobility Skills व Geography अंग्रेजी विषय में वेबिनार संपन्न हुई। यहाँ विद्यार्थियों से फीडबेक ऑनलाईन लिए गए।

11. राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर में भी आईक्यूएसी सेल गठित है। यहाँ आईक्यूएसी सेल की 4 मीटिंग आयोजित की गई। दिनांक 18.11.2020 को सीएएस की मीटिंग आयोजित की गई। 6–7 दिसम्बर 2020 को राष्ट्र निर्माण में डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर का योगदान विषय पर वेबिनार आयोजित की गई। दिनांक 11.12.2020 को Pay Band IV व Selection Scale व Video Upload के संबंध में मीटिंग आयोजित की गई।

12. राजकीय महाविद्यालय, देवली की एक्यूएआर 2018–2019 की स्वीकृत हो गई, वे 2019–2020 पर कार्य चल रहा है, किशनगढ़ की एक्यूएआर 2018–2019 की स्वीकृत हो गई है व 2019–2020 पर कार्य चल रहा है, नागौर की एक्यूएआर 2017–2018 की स्वीकृत हो गई है। लेकिन 2016–2017 का 4 बार Review के लिए आया व सभी तक स्वीकृत नहीं हो पाया है। सत्र 2018–2019 का अपलोड़ कर दिया गया है, सत्र 2019–2020 की एक्यूएआर की तैयारी चल रही है, भीलवाड़ा की 2019–2020 की एक्यूएआर पर कार्य चल रहा है। ब्यावर में 2018–2019 एक्यूएआर अभी अपलोड़ नहीं की है। टोंक की एक्यूएआर 2019–2020 अपलोड़ कर दी गई है। नसीराबाद में एक्यूएआर 2018–2019, 2019–2020 को स्वीकृति यूजीसी द्वारा प्राप्त हो गई है।

13. राजकीय महाविद्यालय, देवली, टोंक ने एसएसआर का कार्य पूर्ण कर लिया है व एसएलक्यूएसी को मूल्यांकन हेतु भिजवा दिया है। भीलवाड़ा में एसएसआर का कार्य प्रगति पर है। महाविद्यालय में फरवरी माह में नैक का दौरा प्रस्तावित है, जिसके 3 महीने के Extension के बारे में बताया गया। राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर में 2022 में नैक का कार्य प्रस्तावित है।

14. समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया कि समय–समय पर आईक्यूएसी सेल की बैठकें आयोजित करते रहें एवं अकादमिक एवं अन्य गतिविधियों का संचालन आईक्यूएसी के माध्यम से करवाएं तथा इसका रिकॉर्ड भी संधारित करें एवं महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड़ करते है।

अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ मीटिंग सम्पन्न हुई।

मीटिंग के एजेण्डा में निम्नलिखित बिन्दु थे–

1. क्या महाविद्यालय 2 (एफ) व 12 (बी) के अन्तर्गत रजिस्टर्ड है।
2. क्या महाविद्यालयों में आईक्यूएसी का गठन कर लिया गया है।
3. क्या आईक्यूएसी की नियमित बैठक हो रही है।
4. महाविद्यालयों में आईक्यूएसी के द्वारा क्या–क्या कार्य पूर्ण हुए है।
5. गत सत्रों की आईक्यूएसी पूर्ण है।
6. क्या वे महाविद्यालय जिनका नैक निरीक्षण होना है, एसएसआर पूर्ण कर ली है।

प्रतिमा

प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकःएफ.1( )स्था–I / एसपीसीजीसीए / 2021 / 912-13 दिनांकः 05/02/2021

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. आईक्यूएसी प्रभारी, एसपीसीजीसीए।
2. रक्षित पत्रावली।

प्रतिमा

प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर